**राजेश कुमार, (भा.प्र.से.)**
**आयुक्त,**
**कोशी प्रमंडल, सहरसा।**

**बिहार सरकार**
**(प्रमंडलीय स्थापना शाखा)**

**दूरभाष संख्या: 06478-224984 (O)**
**06478-224987 (R)**
**मोबाईल नं0: 9473191430**
**ई-मेल: divcom-koshi-bih@nic.in**

**संविदा पर नियोजित सेवानिवृत्त कर्मी का अवधि विस्तार हेतु गठित प्रमंडलीय चयन समिति की दिनांक-22.09.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में आहूत बैठक की कार्यवाही।**

प्रमंडलीय चयन समिति के सभी सदस्य उपस्थिति हुए। सर्वप्रथम सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

बैठक में यह बताया गया कि जिला पदाधिकारी, सहरसा के कार्यालय पत्रांक-987/स्था0 दिनांक 30.08.2025 द्वारा दो कर्मियों का 65 से 67 वर्ष संविदा अवधि विस्तार का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। समिति द्वारा प्रस्ताव के समीक्षोपरांत यह पाया गया कि 65 वर्ष से 67 वर्ष तक संविदा अवधि विस्तार के सभी मामलों की समीक्षा किये बिना ही प्रस्ताव भेजा गया है। जो नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के विपरीत है। तथा ऐसी स्थिति में अस्वीकृत कर्मियों की ओर से परिवाद दायर करने की संभावना रहती है।

अतः उपरोक्त विनिश्चय के आलोक में यह निर्णय लिया जाता है कि संबंधित संवर्ग अंतर्गत सभी योग्य कर्मियों के मामलों की समीक्षा जिला स्थापना शाखा के स्तर से करते हुए सभी अहर्ता धारित करने वाले कर्मियों का सकारण प्रस्ताव उपलब्ध करावें। अस्वीकृत मामलों के संबंध में यथेष्ट कारण अंकित करना सुनिश्चित किया जाए। तद्नुसार संशोधित एवं सकारण प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निदेश के साथ इस बैठक की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

विश्वासभाजन

ह0/-
आयुक्त
कोशी प्रमंडल, सहरसा।

ज्ञापांक-7284 दिनांक-22-9-2025

प्रतिलिपिः- जिला पदाधिकारी, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- आयुक्त के सचिव, कोशी प्रमंडल, सहरसा/ उपनिदेशक पंचायती राज, कोशी प्रमंडल, सहरसा/ क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक, कोशी प्रमंडल, सहरसा/ जिला स्थापना उप समाहर्ता, सहरसा/श्री अमित कुमार, वरीय उप समाहर्ता, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

22/9/2025.
आयुक्त
कोशी प्रमंडल, सहरसा।